<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–22.11.2024 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- 81 विधानसभा सीटों के लिए कल सुबह आठ बजे से शुरु होगी मतगणमना, पोस्टल बैलेट के बाद ईवीएम के मतों की होगी गिनती, पहला रुझान सुबह साढ़े नौ बजे आने की संभावना।
- सभी चौबीस जिला मुख्यालयों में बनाए गए मतगणना केंद्र, शांतिपूर्ण मतगणना के लिए सुरक्षा के किए गए व्यापक इंतजाम, मतगणना केंद्र में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाने की नहीं होगी अनुमति।
- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, चम्पाई सोरेन और कई मंत्री तथा पूर्व मंत्री समेत 1 हजार 2 सौ 11 प्रत्याशियों के राजनीतिक भविष्य का होगा फैसला।
- भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा–एनडीए की सरकार बनी तो झारखंड को एक समृद्ध, विकसित, सशक्त और घुसपैठिया मुक्त राज्य बनाएंगे।

*****************

राज्य की 81 विधानसभा सीटों के लिए कल होने वाली मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली गई है। वोटों की गिनती सुबह आठ बजे से शुरु होगी। पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी और फिर ईवीएम के मतों को गिना जाएगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि पोस्टल बैलेट और ईवीएम के मतों की गिनती के लिए अलग–अलग हॉल बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि सुबह साढ़े नौ बजे से रुझान आने शुरु हो जाएंगे।

*****************

सभी चौबीस जिला मुख्यालयों में बनाए गए मतगणना केंद्रों में शांतिपूर्ण तरीके से मतगणना को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। यहां त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है तथा सीसीटीवी के माध्यम से सभी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को चुनाव आय़ोग द्वारा जारी एसओपी का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि मतगणना केंद्र में किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को ले जाने की इजाजत नहीं होगी।

*****************

इधर, चतरा जिले के चतरा कॉलेज में बनाए गए मतगणना केंद्र में चतरा तथा सिमरिया सीट के लिए मतों की गिनती की जाएगी। इस सिलसिले में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने मतगणना केंद्र में की गयी तैयारियों का जायजा लिया।

वहीं, रांची, गिरिडीह, हजारीबाग, सरायकेला–खरसावां समेत सभी जिलों के मतगणना केंद्रों में चल रही तैयारियों का जिला निर्वाचन पदाधिकारियों ने निरीक्षण कर मतगणना कार्य में संलग्न पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों को कई अहम निर्देश दिए।

*****************

गुमला जिले में सिसई, विशुनपुर और गुमला सीट की मतगणना को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

*****************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, चम्पाई सोरेन और कई मंत्री तथा पूर्व मंत्रियों समेत एक हजार दो सौ ग्यारह प्रत्याशियों के राजनीतिक भविष्य का कल फैसला होगा। इन प्रत्याशियों में एक सौ अठाईस महिलाएं भी शामिल हैं। इस चुनाव में एनडीए में शामिल भारतीय जनता पार्टी ने अड़सठ, आजसू पार्टी ने दस और लोजपा–आर ने एक प्रत्याशी खड़ा किए हैं, जबकि इंडिया ब्लॉक में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने तैंतालीस, कांग्रेस ने तीस, राजद ने छह और सीपीआईएमएल ने तीन उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
*****************

भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दावा किया कि राज्य की जनता ने सत्ता में बदलाव के लिए मतदान किया है। यहां पूर्ण बहुमत के साथ एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार बनी तो झारखंड को एक समृद्ध, विकसित, सशक्त और घुसपैठिया मुक्त राज्य बनाएंगे।

*****************

जामताड़ा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी और मंत्री इरफान अंसारी के खिलाफ चुनाव आयोग के निर्देश पर आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज कर लिया गया है। जिले की एफएसटी टीम ने स्थानीय थाने में यह प्राथमिकी दर्ज कराई है।

*****************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि इस बार हुए चुनाव में शहरों की तुलना में ग्रामीण इलाकों के मतदाताओं ने बढ़चढ़कर मतदान किया है। विशेषकर नक्सल प्रभावित और दूरदराज के इलाकों में मतदान प्रतिशत का बढ़ना राज्य के लिए बेहतर संकेत है। उन्होंने कहा कि पुरूषों की तुलना में महिला मतदाताओं की सहभागिता मतदान में ज्यादा देखने को मिली है।

*****************

भगवान बिरसा मुंडा की विरासत को याद करने के लिए झारखंड समेत देशभर के शैक्षिक संस्थानों में जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

*****************

रेलवे सुरक्षा बल, आरपीएफ ने डाल्टेनगंज रेलवे स्टेशन पर डेढ़ किलोग्राम अफीम के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। इन तस्करों में एक महिला भी शामिल है।

*****************

संक्षिप्त खबरें–

- हटिया–आनंदविहार स्वर्णजयंती एक्सप्रेस का परिचालन तीन दिसंबर से अगले वर्ष दस जनवरी तक रद्द रहेगा। कोहरा की वजह से इस ट्रेन का परिचालन स्थगित किया गया है।
- दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल मिश्रा ने सिमडेगा जिले के बानो में हटिया–राउरकेला रुट पर चल रहे रेल लाईन के दोहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बानो, ओड़गा, परबा टोनिया, टाटी और कनारोवां, रेलवे स्टेशन का भी जायजा लिया।
- गढ़वा जिले की श्री बंशीधरनगर थाना पुलिस ने पिछले महीनें की तेईस तारीख को बिलासपुर स्थित ग्रामीण बैंक लूटकांड मे शामिल चार लुटेरों को हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया है।
- जामताड़ा जिले के कठबरारी बुढ़वा तालाब में नहाने के दौरान दो बच्चों की मौत हो गई। ये दोनों रिश्ते में भाई–बहन थे।
- सरायकेला–खरसावां जिले के अभिनव भारत सोय दुबई में 25 नवंबर से आयोजित होने वाले जूनियर इंटरनेशल हैंडबॉल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।